## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# आम लोगों की जेब पर भारी पड़ती सुविधाओं के नाम पर बैंकों की वसूलियां

पिछले पांच सालों में एसबीआई को छोड़ शेष 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने केवल और केवल मिनिमम बैलेंस के नाम पर 8 हजार 500 रु. करोड़ रु. की कमाई की है। इसका साफ साफ अर्थ है कि गरीब आदमी के खातों से साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए तो इन बैंकों में न्यूनतम बैलेंस ना रख पाने के कारण गवाने पड़े हैं। यह तो तब है जब देश के सबसे बड़े बैंक ने 2019-20 में न्यूनतम बैलेंस की पैनेल्टी के रुप में 640 करोड़ जुर्माना के रुप में वसूलने के बाद न्यूनतम बैलेंस पर पेनेल्टी लगाने का आदेश वापिस ले लिया। 12 में से 11 बैंकों की साढ़े 8 हजार करोड़ की पांच साल में पेनेल्टी वसूली रही है तो कल्पना की जा सकती है कि निजी क्षेत्र के बैंकों ने इस तरह के जुर्माने से कितना खजाना भरा होगा। साढ़े 8 हजार करोड़ रु. की जुर्माना राशि का आंकड़ा किसी भी तरह से कपोल कल्पित या अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं हैं क्योंकि यह जानकारी अधिकृत रुप से संसद में केन्द्रीय वित राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा दी गई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में बैंकों में मार्च, 23 में 294 करोड़ से अधिक खाते हैं। अब यह स्पष्टीकरण देने का कोई मतलब नहीं कि यह पैसा गरीब खातेदारों के अकाउंट्स से ही गया हैं क्योंकि पैसे वाले खाताधारकों के खातों में तो न्यूनतम बैलेंस रहता ही है।

देश में बैंकिंग नेटवर्क का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 1485 अरबन कोआपरेटिव बैंक और हजारों की संख्या में ग्रामीण सहकारी बैंकिंग संस्थाएं हैं। यह तो सभी संस्थागत बैंकिंग संस्थाएं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है। 24 गुणा 7 सेवाएं मिलने लगी है। जन धन खातों की परिकल्पना से गरीब से गरीब आदमी का बैंकों से जुड़ाव हुआ है। और अब डिजीटल लेन-देन की सुविधा ने तो सब कुछ ही बदल कर रख दिया है। आज पांच रुपए का धनिया तक पेटीएम या इसी तरह के किसी प्लेटफार्म से आसानी से भुगतान कर खरीदा जा सकता है। दिन प्रतिदिन डिजीटल पेमेंट का चलन आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में कहीं से भी किसी को भी मोबाईल या ऑनलाईन बैंकिंग सुविधा से चंद सैकंड में भुगतान पहुंचने लगा है। यह सब बैंकिंग सेवाओं में सुधार और विस्तार का उदाहरण है तो दूसरी और नकदी लेन-देन का स्थान डिजीटल पेमेंट ने ले लिया है।

**बैंकों द्वारा सुविधाओं के नाम पर वसूली राशि बहुत अधिक होने के साथ ही आम खाताधारक के लिए भारी पड़ने लगी है। डुप्लीकेट पासबुक से लेकर चैक बाउंस होने पर रिटर्न चार्ज, सिग्नेचर वैरीफाई चार्ज, नोमिनी का नाम बदलवाने, इंट्रेस्ट सर्टिफिकेट लेने, ईकेवाईसी और इसी तरह की सेवाओं के लिए चार्ज लिए जाते हैं।**

बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार निश्चित रुप से शुभ संकेत माना जाना चाहिए। यह भी साफ है कि लोगों में निश्चित रुप से अवेयरनेस आई है। यह दूसरी बात है कि साइबर ठगी के मामलें भी बहुत अधिक होने लगे हैं। पर सबसे अधिक चिंतनीय बैंकों द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए सुविधाओं के नाम पर चार्जेज लगालगाकर अपनी आय बढ़ाना है। आम आदमी को किसी तरह की गलत फहमी में नहीं रहना चाहिए कि बैंक उन्हें यह सेवाएं फ्री में दे रहे हैं। आज हालात यह है कि एटीएम पोस मशीन से बड़ा बड़ा कारोबारी भुगतान लेने को तैयार नहीं होता। उसका साफ कहना होता है कि इसमें हमारे चार्जेज लग जाते हैं इसलिए डिजीटल प्लेटफार्म से ही भुगतान प्राप्त करना उचित समझते हैं। खैर चिंतनीय बात यह है कि बैंकों द्वारा सुविधाओं के नाम पर वसूली राशि बहुत अधिक होने के साथ ही आम खाताधारक के लिए भारी पड़ने लगी है। आज हो यह रहा है कि बैंक की छोटी से छोटी सेवा के लिए भी भुगतान करना पड़ता है। भुगतान के आसान तरीके आरटीजीएस और एनईएफटी की सेवाएं चार्जेवल है। हांलाकि दो लाख तक के आरटीजीएस पर कोई चार्ज नहीं लिया जाता पर राशि बढ़ने के साथ ही चार्ज बढ़ता जाता है। डुप्लीकेट पासबुक से लेकर चैक बाउंस होने पर रिटर्न चार्ज, सिग्नेचर वैरीफाई चार्ज, नोमिनी का नाम बदलवाने, इंट्रेस्ट सर्टिफिकेट लेने, ईकेवाईसी और इसी तरह की सेवाओं के लिए चार्ज लिए जाते हैं। एटीएम का उपयोग हांलाकि अब कम होता जा रहा है पर दूसरे बैंक के एटीएम के उपयोग और इसी तरह की अन्य सेवाओं के लिए चार्जेज आम होता जा रहा है। देखा जाए तो हमें पता ही नहीं चल पाता कि बैंकों द्वार कब कितना पैसा काट लिया जाता है। लेनदेन की सूचना के एसएमएस से लेकर अन्य सेवाएं करीब करीब सशुल्क होने के कारण हमें कुछ ना कुछ चुकाना ही पड़ता है। चिंतनीय यह है कि इस सबके बावजूद बैंकों में ग्राहकों के प्रति जो संवेदनशीलता और आपसी संबंध होने चाहिए वह कहीं खोते जा रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंक सेवा प्रदाता संस्था हैं और सहज सुविधाएं उपलब्ध कराने और निरंतर सेवाओं में सुधार के लिए बैंकों द्वारा प्रयास किये जाते रहे हैं। पर इसके साथ ही बैंकों को न्यूनतम बैलेंस या अन्य तरह के अनावश्यक चार्जेज लगाने से पहले आम खाताधारकों के हितों को भी देखना चाहिए। बैंक केवल और केवल पैसा कमाने का स्थान नहीं हैं अपितु बैंकों की भी आमजन के प्रति जिम्मेदारी बनती हैं। सभी कुछ केवल और केवल खाताधारक से ही देय है तो फिर बैंकों और पुराने जमाने के साहूकारों या आज के गली-गली में फैले सूदखोरों या फिर बॉक्सरों से वसूली करने वाली संस्थाओं से अलग होना ही पड़ेगा। कहीं ना कहीं सरकार और बैंकिंग संस्थाओं को जनसरोकारों से भी जुड़ना होगा ताकि जिस तरह से पिछले कुछ सालों में बैंकों में आम आदमी की सहज पहुंच हुई हैं और आम आदमी का मोबाईल अब बैंक बन गया है यह सराहनीय है। आवश्यकता चार्जेज के पुनरावलोकन की है। इस और ध्यान देना ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 8 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 11:34 तक, शिवयोग दिन 12:29 तक, वणिज करण दिन 11:21 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में। रवियोग रात्रि 2:44 तक है। आज वरद विनायक चतुर्थी, दुर्वा गणपति व्रत है और श्रवण तपस्या आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:37 तक, चर 10:54 से 12:32 तक, लाभ-अमृत 12:32 से 3:49 तक, शुभ 5:28 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:59, सूर्यास्त 7:05

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों एवं आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा।

**कन्या**
व्यक्तिगत पारिवारिक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ने का भय है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# पौधारोपण करने के लिए जोधपुर के लोगों में उत्साह

**जोधपुर,** (कासं)। हरियाली तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहत स्तर पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आज जोधपुर में आयोजित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री दिलावर मंगलवार रात को इस कार्यक्रम में शिरकत करने जोधपुर पहुंचे। बुधवार को जोधपुर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित एक पेड़ मां के नाम जिला स्तरीय वन महोत्सव में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण कर प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

साथ ही, संभागीय आयुक्त बी एल मेहरा, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया।

इस अवसर पर मंत्री दिलावर ने कहा कि इस पृथ्वी को बचना है हम सबको वृक्षारोपण कर इनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठानी होगी। आज हरियाली तीज के अवसर पर हम सबको एक संकल्प लेना है कि हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर इस धरती मां का हरियाली रूपी आभूषणों से सुसज्जित करना है।

दिलावर ने कहा कि प्राचीन काल से पर्यावरण का महत्व रहा है। वेद और पुराण में इनका वर्णन मिलता है ।

उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में पेड़ को देव तुल्य माना गया है। हम सबको मिलकर यह संकल्प लेना है की हमने जो वृक्ष लगाए है, उनकी जिम्मेदारी भी हमें लेनी है। साथ ही, उनकी हम रक्षा करेंगे यह संकल्प लेना है।

दिलावर ने कहा जोधपुर का खेजडली गांव जोकि पर्यावरण संरक्षण अर्थात वृक्ष की रक्षा के लिए जाना जाता है। इस गांव के लगभग 363 लोगो के साथ मां अमृता देवी ने वृक्षों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि जब जब धरती अथवा देश पर संकट आता है तो हम राजस्थानी पीछे नही रहते है, अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते है।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त बी एल मेहरा, पूर्व जोधपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष प्रो. महेंद्र सिंह राठौड़ और मुख्य वन संरक्षक आर. के. जैन ने संबोधित करते हुए पर्यावरण प्रेम एवं संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रभारी सचिव दिनेश कुमार, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, आयुक्त जेडीए उत्साह चौधरी, आयुक्त नगर निगम दक्षिण डॉ. टी. शुभमंगला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार, ब्रांड एंबेसडर निर्मल गहलोत, उप वन संरक्षक मोहित गुप्ता सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

एक पेड़ मां के नाम और हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज के पावन अवसर पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों व रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में आयोजित हुआ। पुलिस कमिश्नर राजेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व जवानों ने पौधरोपण किया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांडुकला में 101 वृक्ष लगाए गए। सभी कार्मिक व विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य (पीईईओ) गोविन्द राम सांखी ने संबोधित किया। इस अवसर पर रेखा व्यास, प्रकाश आशिया, करण सिंह, हुमा गोस्वामी, ओम प्रकाश बेनीवाल, रणवीर सिंह,साधना ओझा ,वनिता , दीपशिखा सोनी ,नीतू शर्मा, संतोष शर्मा, मनीषा कुमारी, कमला सांखला, ममता लखानी ,सतेंद्र सिंह, मंजूषा उपस्थित रहे।

मारवाड़ सेवा संस्थान एवं गुरूकृपा मानसिक विमंदित गृह के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर आंगणवा स्थित परिसर में औषधीय, छायादार व फलादार 50 पौधों का पौधारोपण किया गया।

समर्पण मारवाड सेवा संस्थान के अध्यक्ष कपिल अरोड़ा ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विक्रम सरगरा के सानिध्य में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. मनोज सांखला, जय शर्मा, रोहित, चारु शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय लक्ष्मी अरोड़ा, जगदीश शर्मा, देव शर्मा सहित कई जने उपस्थित थे।

## पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर ग्रामीण स्पेशल टीम ने पांच हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर खेडापा पुलिस को सुपुर्द किया। दरअसल आरोपी लंबे समय से फरार था और उसके ट्रेन में बैठकर राज्य से बाहर भागने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस ने बनाड़ रेलवे स्टेशन पर आरोपी के ट्रेन में बैठते वक्त पकड़ा और खेड़ापा पुलिस को सुपुर्द किया।

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण धर्मेन्द्र सिह ने बताया कि पुलिस थाना खेड़ापा के कई प्रकरण व 75 जेजे एक्ट में लम्बे समय से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी सुनील को गिरफ्तार किया गया है।

अपराधी के ट्रेन में बैठकर राज्य से बाहर भागने के फिराक में होने की सूचना पर जिस पर जिला विशेष टीम ने बनाड़ रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन से सुनील को दस्तयाब कर अनुसंधान के लिए पुलिस थाना खेड़ापा को सुपुर्द किया।

## लूणी नदी के तेज बहाव में बहे युवक का शव मिला

**जोधपुर,** (कासं)। लूणी नदी के तेज बहाव में बहे भागचंद का शव बुधवार को ढूंढ लिया गया है। पिछले 15 घंटे से उसे ढूंढने के लिए पुलिस, प्रशासन, गोताखोर व ग्रामीण प्रयास कर रहे थे। उसे ढूंढने के लिए ड्रोन की भी मदद ली गई थी। बुधवार को भागचंद का शव लूणी नदी की झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। जिसे बाहर निकाल मॉर्च्युरी पहुंचाया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेज बारिश के बाद लूणी नदी में पानी आया था। लूणी नदी के बीच पड़ने वाले रास्तों के ऊपर से पानी का तेज बहाव हो रहा था। मंगलवार को कांकाणी से खाराबेरा जाने वाले मार्ग की रपट के ऊपर से पानी बह रहा था। भागचंद नाम का युवक उस रपट को पार करने की कोशिश कर रहा था लेकिन तेज बहाव में वह बह गया।

भागचंद के नदी में बह जाने की सूचना के बाद एसीपी नरेंद्र सिंह देवड़ा सहित पुलिस जाप्ता व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई थी। नदी में बहाव तेज होने से उसे ढूंढने के लिए ड्रोन का भी सहारा लिया गया था लेकिन उसका कोई पता नहीं चला था। इसके बाद आज सुबह चले रेस्क्यू ऑपरेशन में घटना स्थल से आधा किलोमीटर की दूरी में उसका शव मिला है।

# सोमनाथ महादेव ने पाली में नगर भ्रमण किया



पाली शहर में पहली बार श्रावण मास में सोमनाथ महादेव की नगर भ्रमण यात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर में पहली बार श्रावण मास में बुधवार को सोमनाथ महादेव की नगर भ्रमण यात्रा धूमधाम से सैकड़ो शिव भक्तों के साथ निकली। इस शोभायात्रा में बैंड बाजे डीजे की धुन पर नाचती महिलाएं, 1100 महिला मंगल कलश उठाएं चल रही थी।

केसरिया धोती कुर्ता पहने बालकों का बैंड दल ढोल मंजीरा बजाते, भगवा ड्रेस पहने गले में रुद्राक्ष मस्तक पर शिव का तिलक लगाए माहेश्वरी समाज के युवक युवतियां ड्रम ढोल, झांझर बजाते माहौल को शिवमय कर रहे थे। उसके पीछे सोमनाथ भक्तगण जयकारे लगाते महाकाल की झांकी व फूलों से सज्जित सोमनाथ महादेव की झांकी आकर्षण का केंद्र थे। उनके साथ पुजारी कमलेश रावल , भक्त राज लक्ष्मीकांत लाहोटी, सहित सैकड़ो भक्तगण साथ थे। नगर भ्रमण यत्र रघुनाथ जी मंदिर से रवाना होकर श्रीनाथजी की पोल, बादशाह का झंडा, सराफा बाजार, सराफा बाजार, उदयपुरिया बाजार गुलजार चौक, पुरानी सब्जी मंडी, धान मंडी होते हुए सोमनाथ महादेव पहुंचे।

यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शहर वासियों ने स्वागत किया भगवान सोमनाथ के दर्शन किए। जहां यात्रा में लाए गए सभी कलशों से जल से भगवान शिव का शस्त्र धारा से अभिषेक किया गया। पूरा सोमनाथ मंदिर खचाखच भरा गया आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## संगीता बेनीवाल ने बारिश से हुए हालात देखे

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में हुई भारी बारिश के बाद आज लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रही संगीता बेनीवाल ने कांग्रेस जनों के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ के हालातों का जायजा लिया। जिला कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री एवम पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट को पानी के भराव क्षेत्रों से पानी की निकासी तथा राहत सामग्री वितरण, एस डी आर एफ द्वारा रेस्क्यू के लिए सुझाव दिए।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द, प्रदेश सदस्य महावीरसिंह सुकरलाई, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सांखला, हाजी मेहबूब टी, पूर्व जिला परिषद सदस्य जोगाराम सोलंकी, पूर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज, एस सी विभाग जिलाध्यक्ष रतन उदेश, पार्षद प्रकाश चौहान, कालू बिश्नोई रोहट, लक्ष्मण कच्छवाहा, वजीर खान आदि साथ में मौजूद रहे।

# राव जोधा प्रकृति उद्यान में पौधारोपण किया

**जोधपुर,** (नि.सं.)। इंटैक जोधपुर चैप्टर के पर्यावरण प्रकोष्ठ के नेतृत्व में एक पेड़ धरती मां के नाम प्रतीकात्मक पौधारोपण कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज के अवसर पर राव जोधा प्रकृति उद्यान में स्थानीय प्रजाति के पौधे लगाकर प्रकृति और धरती माँ के प्रति अपने कर्तव्य का पालन किया गया।

इंटैक जोधपुर चैप्टर के संयोजक डॉ. महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि इंटैक जोधपुर चैप्टर के पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रभारी पर्यावरण प्रेमी एवं इंटैक के वरिष्ठ सदस्य प्रसन्नपुरी गोस्वामी पिछले चार दशकों से अधिक समय से मेहरानगढ के आस-पास की सूखी, बंजर एवं वीरान पहाडियों को हरियाली से आच्छान्दित कर पर्यावरण के साथ ही वन्य जीव संरक्षण का उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रकृति के सौन्दर्यवर्द्धन, पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, जल संचयन, अपनी और अपने आने वाली पीढियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए और धरती माँ के प्रति कर्तव्य पालन करने के लिए एक पेड धरती मां के नाम प्रतीकात्मक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन राव जोधा प्रकृति उद्यान स्थल पर हुआ जिसमें आयोजन के मुख्य अतिथि मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबन्धक जगतसिंह राठौड ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात् लोगों ने धोक, इन्द्रोक स्थानीय प्रजाति के पौधे लगाये।

मेहरानगढ़ की ओर से शैलेश माथुर, किशनवीरसिंह, सुनिल लघाटे, विक्रमसिंह कोलू, कल्पना चांपावत, लक्ष्मणसिंह शेखावत, शार्दुलसिंह, लक्ष्मणसिंह राठौड, प्रभुसिंह, इण्टैक के सदस्य भागीरथ वैष्णव, विजयदत्त पुरोहित सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पीपा न्याति ट्रस्ट की चुनाव प्रक्रिया शुरू

**जोधपुर,** (कासं)। श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट जोधपुर के त्रि-वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया न्याति संविधान के शुरू की गई है।

चुनाव अधिकारी लाला राम भाटी ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। नवीन सदस्यता के आवेदन पत्र 10 अगस्त समय रात्रि 8 बजे तक स्वीकार कर 11 अगस्त को सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में प्रतिनिधि सभा के सदस्यों का चुनाव करवाया जाएगा। द्वितीय चरण की प्रक्रिया 12 अगस्त से शुरू होकर प्रतिनिधि सदस्यों के चुनाव परिणाम के साथ ही 19 अगस्त को संपन्न होगी। तृतीय चरण के चुनाव की प्रक्रिया में सात पदाधिकारियों और आठ कार्यकारिणी के सदस्यों के चुनाव करवाए जाएंगे। यह निर्वाचन प्रक्रिया 22 अगस्त से शुरू होकर 1 सितम्बर को संपन्न होगी। यदि आवश्यक हुआ तो कार्यकारिणी के चुनाव 1 सितम्बर को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक मतदान करवाए जाएंगे और इसी दिन शाम तक चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। चुनाव समिति में श्यामसुंदर दहिया, घनश्याम लाल चौहान, डॉ. विजय लक्ष्मी गोयल, सुभाष भाटी, दिनेश गोयल, जितेंद्र बड़गूजर को शामिल किया गया है।

# बांद्रा एक्सप्रेस नियमित चलाने की मांग

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के प्रभारी मंत्री राज्य के गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत के एक दिवसीय दौरे के समय जिला कलेक्टर मीटिंग हाल में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम जैसलमेर के सभी प्रवासी समाजों की ओर से ज्ञापन सौपा गया।

इस अवसर पर जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी और जिला कलेक्टर प्रतापसिँह भी उपस्थित रहे उन दोनों को भी रेल मंत्री वैष्णव के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में लिखा गया है कि मुंबई से जैसलमेर तक चलने वाली गाड़ी बांद्रा एक्सप्रेस को दैनिक किया जावे

प्रभारी मंत्री कुमावत ने कहा कि मै इस ज्ञापन के साथ में अपना पत्र लगा कर वैष्णव को भेजूंगा। जिसमें मेरे पास जैसलमेर का प्रभार होने के नाते लिखूंगा कि बांद्रा गाड़ी साप्ताहिक होने के कारण जैसलमेर से अहमदाबाद, सूरत, मुम्बई और चेन्नई में व्यापार करने वाले प्रवासी भाईयों को अपने मारवाड़ आने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

अत: बांद्रा - जैसलमेर ट्रेन को दैनिक करवाने की व्यवस्था करावें।

जिला कलेक्टर ने ज्ञापन लेने के मौके पर बताया कि केंद्रीय रेल मंत्री तक ज्ञापन भेजा जायेगा ताकि उनके द्वारा ट्रैन को दैनिक करने की कार्यवाही की जा सके।



जैसलमेर के प्रभारी मंत्री एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत, विधायक छोटूसिंह भाटी, कलैक्टर प्रतापसिंह की मौजूदगी में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम प्रवासी समाज ने ज्ञापन दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जैसलमेर विधायक भाटी ने भी अपनी विधानसभा क्षेत्र के प्रवासी लोगों की सहूलियत हेतू रेल मंत्री को सिफारिश पत्र लिख कर ट्रैन को शीघ्र ही दैनिक करवाने हेतू लिखा है।

भाजपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारदा की भी मौजूदगी रही। सारदा द्वारा भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बांद्रा रेल को दैनिक करने की सिफारिश करने को बोला है।

ज्ञात रहे कि बांद्रा रेल दैनिक नही होने के कारण जैसलमेर में दुर्घटना के बाद इलाज करवाने जाने वाले मरीजों को भारी आर्थिक भार पड़ रहा है।

जैसलमेर में विंड एनर्जी, सोलर एनर्जी, गैस आधारित विधुत उत्पादन को लेकर कर्मचारियों को आने जाने में मुंबई के लिए दैनिक रेल नही होने पर परेशानी हो रही है।

जिले में लोकदेवता रामदेव के दर्शन करने मुम्बई, अहमदाबाद, सूरत से 365 दिन जातरू आना चाहते है। बांद्रा रेल को दैनिक करने से अपने मन में दर्शन की भावना रखने वाले लाखों श्रद्धांलुओं के मन की मुराद पूरी होगी।

बांद्रा जैसलमेर ट्रैन को दैनिक शुरू करने से जैसलमेर का सम्पर्क पुरे देश व विदेशों से सरल हो जायेगा।

ज्ञापन में चम्पालाल जेठा, मोहनलाल चांडक, संजय चांडक, अचलदास डांगरा, हंसा चांडक, वीरा चांडक, शुशीला जेठा ने हस्ताक्षर किए।

## अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधी, जताया विरोध

**अधिवक्ता पर हमले से रोष**

**जोधपुर,** (कासं)। फलोदी जिले के बाप न्यायालय के अधिवक्ता किशनाराम बिश्नोई पर जानलेवा हमले व मारपीट के खिलाफ और अनुचित रुप से भू माफियाओं को संरक्षण देने पर बाप थानाधिकारी को हटाने की मांग को लेकर जोधपुर में भी आज सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन एवं लॉयर्स एसोसिएशन जोधपुर से जुड़े सदस्यों ने आज काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

बाप न्यायालय के अधिवक्ता किशनाराम विश्नोई पर किए गए जानलेवा हमले एवं मारपीट के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किए जाने तथा थानाधिकारी बाप की ओर से अनुचित रूप से भू-माफिया को संरक्षण देने पर उन्हें हटाए जाने की मांग को लेकर फलोदी जिले के अधिवक्ता 19 जुलाई से निरंतर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर रहे हैं। घटना के विरोध में बुधवार को सभी अधिवक्ताओं ने ड्रेस पर काली पट्टी बांध न्यायिक कार्यों में उपस्थिति दी।